SONA DEVI UNIVERSITY
Estd. under Govt. of Jharkhand Act-05,2023
and section 2 (f) of UGC Act 1956
Ghatsila, Jamshedpur

www.sonadeviuniversity.com
enquiry@sonadeviuniversity.com

संदर्भ सं०- SDU/R/DSV-MOU/62/2025

SONA DEVI UNIVERSITY * GHATSILA, JHARKHAND *

दिनांक – 29/01/2025

सेवा में,
मा० कुलपति महोदय
देव संस्कृति विश्वविद्यालय
गायत्रीकुन्ज - शान्तिकुन्ज,हरिद्वार,
उत्तराखण्ड - 249411

विषय - देव संस्कृति विश्वविद्यालय, शान्तिकुन्ज, हरिद्वार, के साथ उच्च शिक्षा के विभिन्न आयामों में पारस्परिक आदान - प्रदान करने हेतु समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित करने के लिए अनुरोध पत्र

माननीय महोदय ,

हमें आपको अपना संक्षिप्त परिचय कराने में अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला, पूर्वी सिंहभूम, झारखंड-832303, जो कि झारखंड सरकार के अधिनियम-5, 2023 द्वारा स्थापित एक निजी विश्वविद्यालयहै और तथा इस सोना देवी विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC), नई दिल्ली द्वारा UGC अधिनियम, 1956 की धारा 2(f) के अंतर्गत अनुमोदित भी किया गया है। सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर-खड़गपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 18 (NH-33) पर अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ एक विशाल, प्राकृतिक एवं सुरम्य परिसर के बीच स्थित है. सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला पूर्वी सिंहभूम के घाटशिला प्रमंडल का एकमात्र विश्वविद्यालय है जो आदिवासी बहुल, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े और नक्सल प्रभावित क्षेत्र में स्थित है। सोना देवी विश्वदविद्यालय में स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक प्रयोगशाला सुविधाएँ, अच्छी तरह से सुसज्जित पुस्तकालय, खेल और मनोरंजन के लिए मैदान और वातानुकूलित सभागार आदि संरचनात्मक सुविधाऐं उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय में छात्रों के लिए आस-पास के शहरों से परिवहन की सुविधा भी है। सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला में इस सत्र: 2024-25 में 72 विषयों में 11 स्कूल और 43 पाठ्यक्रम चला रहा है। हमारे विश्वविद्यालय में नियमित संकाय सदस्यों की पर्याप्त संख्या है। वर्तमान में हमारे विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों में छात्रों की संख्या 800 से अधिक है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हमारा विश्वविद्यालय प्रारम्भिक स्तर पर हैं। अतः हम देश के श्रेष्ठतम विश्वविद्यालयों से शैक्षणिक आदान - प्रदान द्वारा बहुत कुछ सीखना चाहते है। इसलिए हम आपके विश्वविद्यालय के साथ भी उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पारस्परिक आदान - प्रदान करने के इच्छुक हैं।

महोदय, कुछ समय पूर्व आपके विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम- योग विज्ञान एवं मानव चेतना की तीन छात्राएँ - कुमारी वरूनी कंसाना, कुमारी नाइसी चेतीवर तथा कुमारी खुशी कुंटल हमारे सोना देवी विश्वविद्यालय के कर्मचारियों, शिक्षकों, प्राध्यापकों तथा छात्र - छात्राओं को योगाभ्यास कराने हेतु विश्वविद्यालय में पधारी थी, जिसके लिए विश्वविद्यालय आपका तथा उन छात्राओं का कृतज्ञ है। (प्रेस रिलीज़ की प्रति महोदय श्री के अवलोकनार्थ पत्र के साथ संलग्न है)। सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला, पूर्वी सिंहभूम (झारखण्ड) के माननीय कुलाधिपति एवं माननीय कुलपति महोदय की तीव्र इच्छा के अनुसार हमलोग आपके विश्वविद्यालय की महान परम्पराओं, ज्ञान प्रणाली, गुणवत्तापूर्ण एवं मूल्य आधारित शिक्षण व्यवस्था एवं कौशल / दक्षता युक्त व्यावसायिक

कृ.पृ.उ

TOLL FREE
1800 309 2626
Campus : Kitadih, PO & PS Ghatsila, North Moubhandar, East Singhbhum, Jharkhand 832303
City Office : Gajraj Mansion, Bistupur, Jamshedpur, East Singhbhum, Jharkhand 831001
Regd. Office : Uliyan House, SD Singh Path, Kadma, Jamshedpur, East Singhbhum, Jharkhand - 831005

Scanned with OKEN Scanner